**परेशानी** • **पोड़ैयाहाट के कई गांवों में लहलहा रही है तरबूज की खेती**

# लॉकडाउन में किसानों को सता रही बिक्री की चिंता

**प्रतिनिधि** ▷ पोड़ैयाहाट

एक तरफ जहां पूरा देश कोरोना जैसे महामारी से जंग लड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर स्वयं सहायता समूह के माध्यम से खेतों में लगायी गयी तरबूज की बिक्री की चिंता महिला किसानों को सता रही है. पोड़ैयाहाट प्रखंड के विभिन्न गांवों में कुल मिला कर 25 एकड़ जमीन में तरबूज की खेती लहलहा रही है. जिसमें सतबंधा की मीना सोरेन, भेरना टोला की झलिया देवी, रघुनाथपुर के ज्योतिष सोरेन, धेनुकत्ता की झुना देवी, लूसी टांड़ के भीम लाल सिंह, सरबौंधा के किसानों ने लगभग 25 एकड़ जमीन में तरबूज की खेती की है. महिलाओं ने बताया कि यह फसल अप्रैल के अंत से बिक्री लायक भी हो जायेगी.

वहीं कोरोना महामारी के कारण हुए लॉकडाउन के चलते किसान अपनी फसल की बिक्री को लेकर चिंतित हैं. अगर 10 रुपये किलो की दर से भी तरबूज बिकेगा तो 15 एकड़ में लगभग 15 लाख की कमाई होगी. प्रदान संस्था की वंदना कुमारी ने बताया कि किसानों को तरबूज की बिक्री में कोई परेशानी न हो इसके लिए हमारी टीम ने प्रत्येक किसान की जानकारी ली है एवं कितनी उपज, कब से तोड़ाई होगी इसकी भी जानकारी है, ताकि उचित समय में उनकी उपज को बाजार से जोड़ पाएं.

तरबूज की खेती दिखाते किसान.